पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

मौलाना कल्बे सादिक को देखने राज्यपाल एरा मेडिकल कालेज गये
जल्द ठीक होइये, आपको अभी समाज के लिये बहुत काम करना है-राज्यपाल

लखनऊः 03 जुलाई, 2019

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज एरा मेडिकल कालेज जाकर वरिष्ठ शिया धर्म गुरू मौलाना कल्बे सादिक साहब की कुशलक्षेम जानी। मौलाना कल्बे सादिक काफी दिनों से बीमार चल रहे हैं।

राज्यपाल ने मौलाना सादिक से उनका हालचाल लिया और कहा कि 'जल्द ठीक होइये, आपको अभी समाज के लिये बहूत काम करना है। मैं जब कैंसर रोग से पीड़ित था तो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने हिम्मत दिलाई थी। ठीक होने पर कहा कि राम भाऊ बोनस में मिला जीवन ईश्वर ने समाज सेवा के लिये दिया है।' उन्होंने कहा कि मैं अटल जी की बात को दोहराते हुए कहना चाहूँगा कि आपको भी अपनी इच्छा शक्ति बनाये रखना होगा।

अंजुम/ललित/राजभवन (235/5)

MODERN